राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्य के मुख्य सूचना आयुक्त श्री डी.बी. गुप्ता ने की राज्यपाल श्री मिश्र से मुलाकात

सूचना आयोग द्वारा जन हित में प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के बारे में दी विस्तार से जानकारी

जयपुर, 1 जुलाई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से शुक्रवार को राजभवन में मुख्य सूचना आयुक्त श्री डीबी गुप्ता ने मुलाकात की। उन्होंने इस दौरान राज्यपाल श्री मिश्र को सूचना आयोग द्वारा जनहित में त्वरित किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से बताया।

राज्यपाल श्री मिश्र ने सूचना आयोग द्वारा लंबित प्रकरणों के त्वरित निपटारे, विशिष्ट कैम्प लगाकर आम जन को राहत प्रदान करने के निर्णयों की सराहना की।

राज्यपाल श्री मिश्र को मुख्य सूचना आयुक्त श्री डी.बी.गुप्ता ने बताया कि राज्य सूचना आयोग द्वारा विशिष्ट अदालत शिविरों में सूचना से जुड़े प्रकरणों का त्वरित निस्तारण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अतिरिक्त कोर्ट लगाने के साथ राज्य सूचना आयोग ने न्यायालय संबंधी डाक जैसे नोटिस, समन और निर्णय आदि संबंधित व्यक्ति को स्पीड पोस्ट से भिजवाने की भी पहल की है। उन्होंने बताया कि जन हित में आयोग परिसर में विशिष्ट अदालत शिविर भी लगाए जा रहे हैं। आयोग द्वारा ऑनलाइन शिकायत लेने की व्यवस्था भी विशेष रूप से प्रारम्भ की गई है। इससे आमजन को बेहद राहत मिल रही है। उन्होंने बताया कि आयोग को प्रतिमाह 1 हजार से ज्यादा अपील और शिकायतें मिल रही हैं। आयोग प्रतिमाह 1675 मामलों के निस्तारण कर रहा है, जो कि अपने आप में कीर्तिमान है।

मुख्य सूचना आयुक्त श्री गुप्ता के साथ सूचना आयुक्त श्री राजेन्द्र प्रसाद बरवार, श्री लक्ष्मण सिंह राठौड एवं सुश्री षीतल धनखड़ ने भी राज्यपाल से मुलाकात की।

————